for abatement of Pollution in the grossly polluted stretches of major rivers of the country is in the final stages of formulation. Details in this regard are being worked out.

मध्य प्रदेश में साहस भरे काम करने वाले वन कार्मिकों को बारी से पहले पदोन्नति

259. **श्री कैलाश नारायण सारंग** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले कुछ वर्षों से मध्य प्रदेश के वन विभाग में साहसपूर्ण काम करने वाले वन कार्मिकों को बारी से पहले पदोन्नतियां दी जा रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे कितने कार्मिक हैं जिन्हें ऐसी पदोन्नतियां दी गयी हैं और ऐसे कितने साहसिक कर्मचारियों के लिए पदोन्नतियों के मामले मध्य प्रदेश सरकार के विचाराधीन हैं, इन वन कर्मचारियों के नाम क्या हैं ;

(ग) ऐसे वन कार्मिकों को बारी से पहले पदोन्नतियां न देने के क्या कारण हैं ; और

(घ) इन्हें कब तक पदोन्नतियां दे दी जायेंगी ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) से (घ) मध्य प्रदेश राज्य सरकार से सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण रखने हेतु योजनाएं

259. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **पर्यावरण और वन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण रखने हेतु 31 योजनाएं आरम्भ की हैं;

(ख) यदि हां, तो वे योजनाएं कौन-कौन सी हैं और ये किन-किन क्षेत्र से संबंधित हैं ; और

(ग) इस दिशा में इस परियोजना पर कितना कार्य हो चुका है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) से (ग) औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार के पास अनेक स्कीमें हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:—

- जल प्रदूषण (उपकर) निवारण एवं नियंत्रण;
- पर्यावरणीय संपरीक्षा ;
- केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सहायतानुदान;
- प्रदूषण नियंत्रण (वह्य सहायता प्राप्त स्कीम);
- सांझे बहिस्राव शोधन संयंत्रों को बढ़ावा देना;
- पर्यावरणीय आंकड़े तथा मानचित्रण;
- प्रदूषण के उपशमन के लिए सहायता;
- परिसंकटमय पदार्थ प्रबंधन;
- लघु उद्योगों के लिए स्वच्छ प्रौद्योगिकियां;
- विशेष मदों पर उत्पाद और सीमा-शुल्क में छूट सहित औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण के लिए वित्तीय प्रोत्साहन।

ये स्कीमें सरकार की जारी गतिविधियों के अन्तर्गत आती हैं।